बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

बिहार कृषि सेवा वर्ग 2 (दो) के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित वि॰सं॰–86/2014 से 90/2014 तक से संबंधित शुद्धि पत्र

कृषि विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार कृषि सेवा वर्ग–2 के विभिन्न कोटि के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा विज्ञापन (वि॰सं॰–86/2014 से 90/2014) प्रकाशित किये गए हैं, जिसमें आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 22.12.2014 निर्धारित की गयी है। उक्त विज्ञापन में दिनांक 01.08.2014 को अधिकतम उम्र सीमा– अनारक्षित (पुरूष) के लिए– 37 वर्ष, पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरुष एवं महिला) एवं अनारक्षित महिला के लिए – 40 वर्ष एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) के लिए– 42 वर्ष निर्धारित की गई है।

कृषि विभाग, बिहार से प्राप्त पत्र के संदर्भ में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के पत्रांक 212 दिनांक 23.01.2006 के प्रावधान के आलोक में पूर्व वर्ष के अंतिम विज्ञापन में कट ऑफ डेट के आधार पर विज्ञापन संख्या 86/2014 से 90/2014 में अधिकतम आयु सीमा में छूट दिया जाना आवश्यक है। उक्त प्रावधान के अनुसार किसी भी पद क लिए अंतिम विज्ञापन जिस वर्ष में प्रकाशित हुआ हो तथा उसके ठीक बाद अगले वर्ष में विज्ञापन प्रकाशित होने पर जो उम्मीदवार अधिकतम उम्र सीमा के आधार पर उस पद के लिए योग्य होते, लेकिन उस पद का विज्ञापन नहीं हो सका। ऐसी स्थिति में वैसे उम्मीदवार अंतिम विज्ञापन के ठीक अगले वर्ष के विज्ञापन के समय अधिकतम उम्र सीमा में छूट प्राप्त करने के पात्र होंगे। इस आलोक में वि॰ सं॰ 86/2014 से 90/2014 में बिहार कृषि सेवा के निम्नांकित कोटि के विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए उनके नाम के सामने अंकित तिथि को जो उम्मीदवार अधिकतम उम सीमा के आधार पर पात्रता रखते थे और अद्यतन अन्य अहर्ताएं पूरी करते हैं, वे इस परीक्षा के लिए भी योग्य पात्र होंगे।

क्र॰सं॰	वि॰सं॰	कोटि	अधिकतम उम्र सीमा
1	2	3	4
1.	86/2014	बिहार कृषि सेवा कोटि–1 **(शष्य)**	इस पद का विज्ञापन वर्ष 1988 में हुआ था। दिनांक 01.08.1989 को अपनी कोटि में निर्धारित अधिकतम उम्र की पात्रता रखनेवाले उम्मीदवार इस विज्ञापन के लिए भी योग्य पात्र होंगे।
2.	87/2014	बिहार कृषि सेवा कोटि–2 **(कृषि अभियंत्रण)**	इस पद का विज्ञापन वर्ष 1991 में हुआ था। दिनांक 01.08.1992 को अपनी कोटि में निर्धारित अधिकतम उम्र की पात्रता रखनेवाले उम्मीदवार इस विज्ञापन के लिए भी योग्य पात्र होंगे।
3.	88/2014	बिहार कृषि सेवा कोटि–3 **(रसायन)**	इस पद का विज्ञापन वर्ष 1991 में हुआ था। दिनांक 01.08.1992 को अपनी कोटि में निर्धारित अधिकतम उम्र की पात्रता रखनेवाले उम्मीदवार इस विज्ञापन के लिए भी योग्य पात्र होंगे।
4.	89/2014	बिहार कृषि सेवा कोटि–5 **(पौधा संरक्षण)**	इस पद का विज्ञापन (शुद्धि पत्र सहित) वर्ष 1994 में हुआ था। दिनांक 01.08.1995 को अपनी कोटि में निर्धारित अधिकतम उम्र की पात्रता रखनेवाले उम्मीदवार इस विज्ञापन के लिए भी योग्य पात्र होंगे।
5.	90/2014	बिहार कृषि सेवा कोटि–7 **(उद्यान)**	इस पद का विज्ञापन वर्ष 1998 में हुआ था। दिनांक 01.08.1999 को अपनी कोटि में निर्धारित अधिकतम उम्र की पात्रता रखनेवाले उम्मीदवार इस विज्ञापन के लिए भी योग्य पात्र होंगे।

2. आवेदक आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध आवेदन प्रपत्र को डाउनलोड कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 22.12.2014 से विस्तारित करते हुए गुरुवार दिनांक 15.01.2015 की संध्या 5:00 बजे तक निर्धारित की जाती है। पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाए।
3. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित उम्र सीमा के अनुसार जो आवेदक आवेदन कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन देने की आवश्यकता नहीं हैं।
4. उपर्युक्त शुद्धि पत्र आयोग के वेबसाईट http: //bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।